दिनांक 29 दिसम्बर, 2022

चुनावी ट्रस्टों के वार्षिक दान रिपोर्ट का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2021-22

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी – 95, सी एल हाउस, दूसरी मंजिल, गौतम नगर,

नियर गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स

नई दिल्ली- 110 049

ईमेल- adr@adrindia.org**, दूरभाष-** 011-4165 4200

परिचय

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने **6 जून 2014** को **पत्र क्रमांक 56/चुनावी ट्रस्ट/2014/पीपीईएमएस** में चुनावी ट्रस्टों के दान रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें **13 जनवरी** के बाद गठित सभी चुनावी ट्रस्टों (सीबीडीटी द्वारा अनुमोदित) को पारदर्शिता के हित में प्राप्त दान और राजनीतिक दलों को वितरित चंदे का विवरण सालाना जमा करने के निर्देश दिए थे|

ये दिशानिर्देश जनवरी 2013 के बाद गठित **7 चुनावी ट्रस्टों** को जारी किए गए थे, जिनमें सत्या चुनावी ट्रस्ट, प्रतिनिधि चुनावी ट्रस्ट, पीपल्स चुनावी ट्रस्ट, प्रोग्रेसिव चुनावी ट्रस्ट, जनहित चुनावी ट्रस्ट, बजाज चुनावी ट्रस्ट और जनप्रगति चुनावी ट्रस्ट शामिल थे | तब से गठित चुनावी ट्रस्टों को ये दिशानिर्देश चुनाव आयोग द्वारा भेजे जा रहे हैं|

सीबीडीटी के साथ पंजीकृत 23 चुनावी ट्रस्टों में से **16 ट्रस्टों** ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अपना योगदान विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत किया, जिसमें से केवल **6 ट्रस्टों** ने ही दान प्राप्त की घोषणा की है | एडीआर की यह रिपोर्ट (जनवरी 2013 के बाद गठित चुनावी ट्रस्ट) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान **6 चुनावी ट्रस्टों** के दान दाताओं के विवरण और ट्रस्टों द्वारा राजनीतिक दलों को दिए गए योगदान का विश्लेषण करती है | विस्तृत रिपोर्ट के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई चुनावी ट्रस्ट योजना, इस संबंध में चुनाव आयोग के बाद के परिपत्र और एडीआर द्वारा चुनावी ट्रस्टों की दान रिपोर्ट का विश्लेषण **FY 2013-14**, **2014-15**, **2015-16**, **2016-17**, **2017-18**, **2018-19**, **2019-20** और **2020-21** है |

सारांश

1. **चुनावी ट्रस्टों के नवीनीकरण की स्वीकृति**

चुनावी ट्रस्ट योजना क्लॉज 5(O) के अनुसार, एक पंजीकृत चुनावी ट्रस्ट को दी गई मंजूरी " उस वित्तीय वर्ष के लिए मान्य होगी जिस अवधि के लिए आवेदन किया गया है यह स्वीकृति तीन वर्ष की अवधि तक निर्दिष्ट किया जा सकता है उससे अधिक नहीं" |

15 चुनावी ट्रस्टों ने नवीनीकरण के लिए सीबीडीटी को आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जिसमें उपलब्ध नवीनीकरण की तारीखों का विवरण है | (**अनुबंध -1** को देखें)

2. **चुनाव आयोग को प्राप्त पंजीकृत चुनावी ट्रस्टों के दान रिपोर्ट का अवलोकन : वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2021-22**
   a. **23 पंजीकृत** चुनावी ट्रस्टों में से केवल **13 ट्रस्टों** ने ही अपना दान रिपोर्ट चुनाव आयोग को पंजीकरण के बाद से लगातार प्रस्तुत किया है |
   b. सत्या/प्रूडेंट चुनावी ट्रस्ट ने पंजीकरण के बाद (वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2021-22 तक) सभी **9 वर्षों से** अपना दान रिपोर्ट चुनाव आयोग को लगातार जमा करने वाला एक मात्र ट्रस्ट है |
   c. **8 ऐसे पंजीकृत** चुनावी ट्रस्ट हैं जिन्होंने या तो कोई भी दान प्राप्त नहीं करने की घोषणा की है या अपने पंजीकरण के बाद कोई भी दान रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है | चुनावी ट्रस्टों की पूरी सूची और दान रिपोर्ट प्रस्तुत करने की स्थिति का विस्तृत विवरण **अनुबंध -1** को देखें |

3. **<u>चुनावी ट्रस्टों द्वारा प्राप्त दान का विवरण : वित्तीय वर्ष 2021-22</u>**

एडीआर के आरटीआई आवेदन से प्राप्त चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया दिनांक 2 दिसम्बर, 2019 के अनुसार, कुल 21 चुनावी ट्रस्टों की सूची सीबीडीटी द्वारा पंजीकृत हैं | दिनांक 08 सितम्बर 2021 को सीबीडीटी द्वारा अनुमोदित इलेक्टोरल ट्रस्ट की अद्यतन सूची में पंजीकृत दो नए ट्रस्ट हैं, इनमें से **16 चुनावी ट्रस्टों** ने अपना दान रिपोर्ट जमा किया है तथा केवल **6 ट्रस्टों** ने दान प्राप्त करने और दान वितरित करने की घोषणा की है | **चार ट्रस्टों**, बजाज चुनावी ट्रस्ट, गौरी वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट, प्रतिनिधि चुनावी ट्रस्ट और भारतीय सोशलिस्ट्स रिपब्लिकन चुनावी ट्रस्ट के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हुआ है |



4. **<u>चुनावी ट्रस्टों द्वारा प्राप्त और वितरित किए गए दान : वित्तीय वर्ष 2021-22</u>**

a. केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार, चुनावी ट्रस्ट को वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त कुल दान का कम से कम **95%** वितरित करने की आवश्यकता होती है, इसमें पिछले वित्तीय वर्ष से बचा शेष दान भी शामिल हो सकता है |

b. **6 चुनावी ट्रस्ट** जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान दान प्राप्त की घोषणा की है, उन्हें **कॉर्पोरेट** और **व्यक्तिगत** दानों से कुल **रु 487.0856 करोड़** प्राप्त किये हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को **रु 487.0551 करोड़** (99.994%) वितरित किए हैं |

Contributions received and disbursed by Electoral Trusts, FY 2021-22 (in Rs Cr)



5. **<u>चुनावी ट्रस्टों को प्राप्त कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत दान : वित्तीय वर्ष 2021-22</u>**

   a. वित्तीय वर्ष 2021-22 में **89 कॉर्पोरेट/व्यावसायिक घरानों** ने चुनावी ट्रस्टों को **रु 475.8021 करोड़** का योगदान दिया है | **62 कॉर्पोरेट्स** ने **प्रूडेंट** इलेक्टोरल ट्रस्टों को **रु 456.30 करोड़**, **2** कॉर्पोरेट्स ने **एबी जनरल** इलेक्टोरल ट्रस्ट **को रु 10.00 करोड़**, **3 कॉर्पोरेट्स** ने **समाज** इलेक्टोरल ट्रस्ट ने **रु 5.00 करोड़** और **15 कॉर्पोरेट्स** ने **इंडिपेंडेंट** इलेक्टोरल ट्रस्ट को **रु 2.20 करोड़** का योगदान दिया है |

   b. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, केवल **40 व्यक्तियों** ने चुनावी ट्रस्ट को दान दिया है जिसमें से **प्रूडेंट चुनावी ट्रस्ट** को **13 व्यक्तियों** ने **रु 8.53 करोड़**, **इंडिपेंडेंट चुनावी ट्रस्ट** को **15** व्यक्तियों ने **रु 2.61 करोड़** और **स्माल डोनेसन चुनावी ट्रस्ट** को **12 व्यक्तियों** ने **रु 14.34 लाख** का दान दिया है |

Contributions made by Corporates and Individuals to Electoral Trusts, FY 2021-22 (In Rs Cr)								
Electoral Trusts	Corporate/Business Houses		Individual		Undeclare Donor Name		Total No. of donations	Total Amounts
	No. of donations	Amounts	No. of donations	Amounts	No. of donations	Amounts		
Prudent-E.T.	62	456.30	13	8.53	0	0	**75**	**Rs 464.83 cr**
AB General E.T.	2	10.00	0	0	0	0	**2**	**Rs 10.00 cr**
Samaj-E.T.	3	5.00	0	0	0	0	**3**	**Rs 5.00 cr**
Independent E.T.	15	2.20	15	2.61	0	0	**30**	**Rs 4.81 cr**
Small Donation E.T.	6	1.8021	12	0.1434	2	0.0001	**20**	**Rs 1.9456 cr**
Triumph E.T.	1	0.50	0	0	0	0	**1**	**Rs 0.50 cr**
Grand Total	**89 Donations**	**Rs 475.8021 cr**	**40 donations**	**Rs 11.2834 cr**	**2 Donations**	**Rs 0.0001 cr**	**131 Donations**	**Rs 487.0856 cr**

c. **आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड** ने चुनावी ट्रस्टों के सभी दानदाताओं में सबसे अधिक **रु 70.00 करोड़** इसके बाद **आर्सेलर मित्तल डिज़ाइन एंड इंजीनियरिंग सेंटर प्राइवेट लिमिटेड** ने **रु 60.00 करोड़** और **भारती एयरटेल लिमिटेड** ने **रु 51.00 करोड़** का दान दिया है |

d. शीर्ष **10 दान दाताओं** ने चुनावी ट्रस्टों को **रु 331.00 करोड़** का दान दिया है जो की वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ट्रस्टों द्वारा प्राप्त कुल दान का **67.96%** है |



6. **<u>चुनावी ट्रस्टों द्वारा राजनीतिक दलों को वितरित दान : वित्तीय वर्ष 2021-22</u>**

a. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान **प्रूडेंट** चुनावी ट्रस्ट ने **बीजेपी** को **रु 209.00 करोड़** का दान दिया था जबकि ट्रस्ट ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के अपने विवरण में **बीजेपी** को **रु 336.50 करोड़** का दान दर्शाया है इसके बाद **एबी जनरल** चुनावी ट्रस्ट ने **रु 10.00 करोड़** का दान **बीजेपी** को किया है |

b. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, **स्माल डोनेशंस** चुनावी ट्रस्ट ने केवल **कांग्रेस** को **रु 1.9351 करोड़** का दान दिया है |

c. **प्रूडेंट चुनावी ट्रस्ट** ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में **9 राजनीतिक दलों** (बीजेपी, टीआरएस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, वाईएसआर-कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी और गोवा फॉरवर्ड पार्टी) को दान दिया है |

d. सभी राजनीतिक दलों को चुनावी ट्रस्टों से प्राप्त कुल दान में से **बीजेपी** को **रु 351.50 करोड़** (72.17%) और **टीआरएस** को **रु 40.00 करोड़** (**8.21%**) का दान मिला है |

e. समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, वाईएसआर-कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी और डीएमके सहित 8 राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर **रु 95.56 करोड़** का दान प्राप्त हुआ है |



Donations by Electoral Trusts to Political Parties, FY 2021-22 (in Rs Cr)

Prudent-E.T.	BJP	336.50
	TRS	40.00
	SP	27.00
	YSR Congress	20.00
	INC	16.50
	AAP	16.31
	SAD	7.00
	Punjab Lok Congress Party	1.00
	Goa Forward Party	0.50
AB General E.T.	BJP	10.00
Samaj-E.T.	BJP	5.00
Independent E.T.	AAP	4.81
Small Donation E.T.	INC	1.9351
Triumph E.T.	DMK	0.50

एडीआर के अवलोकन

1. केंद्र सरकार द्वारा चुनावी ट्रस्टों में दान को नियंत्रित करने वाले पारदर्शिता नियम बनने से पहले, **6 चुनावी ट्रस्टों** ने वित्तीय वर्ष 2004-05 और 2011-12 के बीच राष्ट्रीय दलों को कुल मिलाकर **रु 105 करोड़** का दान दिया था | वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान **7 राजनीतिक दलों** को जनरल चुनावी ट्रस्ट ने **रु 131.65 करोड़** का दान दिया था | यहाँ पर ध्यान दिया जाना चाहिए की यह नियम **पूर्वव्यापी नहीं** है इसलिए इन **चुनावी ट्रस्टों** (जरनल चुनावी ट्रस्ट, चुनावी ट्रस्ट, हार्मनी चुनावी ट्रस्ट, कॉर्पोरेट चुनावी ट्रस्ट और भारती चुनावी ट्रस्ट) को पारदर्शिता नियमों का पालन करने और दान-दाताओं की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है |

2. वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले 16 चुनावी ट्रस्टों में से 10 ट्रस्टों (**62.50%)** ने घोषणा कि है की उन्हें **शून्य** दान प्राप्त हुआ है | वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2021-22 के बीच 8 चुनावी ट्रस्टों ने पंजीकृत होने के बाद या तो **शून्य दान घोषित** किया है या उनका दान विवरण आयोग की वेबसाइट पर **उपलब्ध नहीं** है | | ऐसे चुनावी ट्रस्टों के पंजीकरण पर एक सवाल उठता है क्योंकि वे अपने प्राथमिक उद्देश्य को पूरा करने में विफल रहते हैं |
3. **23 पंजीकृत** चुनावी ट्रस्टों में से **7 ट्रस्टों** का वार्षिक रिपोर्ट अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है, इनमें परिबर्तन, जनशक्ति, पीपल्स, उपकृति, भारतीय भूमि, हारमनी और कल्याण इलेक्टोरल ट्रस्ट शामिल हैं | कल्याण चुनावी ट्रस्ट सितम्बर 2016 को पंजीकृत हुआ था पर इस ट्रस्ट का एक भी वार्षिक रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

एडीआर की शिफारिशें

1. इन 6 चुनावी ट्रस्टों के दान दाताओं का विवरण अज्ञात रहता है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इन ट्रस्टों को दान केवल **कर में छूट** प्राप्त करने का एक साधन है या भारत में **काले धन** को परिवर्तित करके **सफ़ेद करने** का एक तरीका है | इसलिए, इन चुनावी ट्रस्टों के दानदाताओं का विवरण (जो कि सीबीडीटी नियमों के लागू होने से पहले बने) का भी खुलासा किया जाना चाहिए जो नियम 31 जनवरी 2013 के बाद पंजीकृत ट्रस्टों पर लागू होते हैं, ताकि पारदर्शिता में सुधार हो सके |
2. चुनावी ट्रस्ट योजना क्लॉज 8 (1) में स्वीकृति वापस लेने की प्रकिया की व्यख्या करते हुए कहा गया है कि सीबीडीटी इस योजना के तहत दी गई मंजूरी को वापस ले सकता है अगर वह संतुष्ट हो कि चुनावी ट्रस्ट अपनी गतिविधियों को बंद कर चुका है या उसकी गतिविधि वास्तविक नहीं हैं, या योजना के तहत रखी गई सभी शर्तों के अनुसार कारवाई नहीं की जा रही है | इसके तहत 3 चुनावी ट्रस्टों (उपाकृति, जय हिन्द और पीपुल्स चुनाव ट्रस्ट) जिनको पंजीकरण के बाद से कोई भी दान नहीं मिला है उनकी स्वीकृति वापस ली जानी चाहिए |
3. चुनावी ट्रस्ट के नाम से ट्रस्ट स्थापित करने वाले कम्पनी/कम्पनी के समूह के नाम का संकेत नहीं मिलता है, राजनीतिक दलों को दान देने वाले कॉर्पोरेट्स के विवरण के बारे में अधिक पारदर्शिता रखने के लिए चुनावी ट्रस्टों के नाम पर उन्हें स्थापित करने वाली मूल कम्पनी का नाम भी शामिल होना चाहिए |
4. जिन चुनावी ट्रस्टों ने चुनाव आयोग द्वारा परिचालित दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया है, उन्हें आयोग द्वारा दण्डित किया जाना चाहिए |
5. वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी कॉर्पोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को दिए गए दान का विवरण अपनी वेबसाइट (वार्षिक रिपोर्ट या समर्पित पेज में) के माध्यम से सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध कराना चाहिए |

अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत चुनावी ट्रस्टों द्वारा भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट या दान रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को चुनाव आयोग के वेबसाइट में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी चुनावी ट्रस्टों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और चुनावी ट्रस्टों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में चुनावी ट्रस्टों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव को प्रस्तुत चुनावी ट्रस्टों के ऑडिट या योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

सम्पर्क

नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)

Media and Journalist Helpline: +91 80103 94248, Email: adr@adrindia.org	**Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** Head - NEW/ADR +91 11 4165 4200 +91 88264 79910 anilverma@adrindia.org	**Prof Jagdeep Chhokar** IIM Ahmedabad (Retd.) Founder Member-NEW/ADR jchhokar@gmail.com	**Prof Trilochan Sastry** IIM Bangalore Founder Member- NEW/ADR +91 94483 53285 tsastry@gamil.com

अनुबंध -1

S. No.	Status of contributions report received by ECI from Registered Electoral Trusts between FY 2013-14 and 2021-22												
	Name	State of Registration	Date of Approval by CBDT	Date of Renewal (if applicable)	FY 2013-14	FY 2014-15	FY 2015-16	FY 2016-17	FY 2017-18	FY 2018-19	FY 2019-20	FY 2020-21	FY 2021-22
1	Satya/Prudent Electoral Trust **(renewal case)**	New Delhi	19.12.2013	08-04-2019	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted
2	Samaj Electoral Trust **(renewal case)**	Kolkata, West Bengal	31.10.2014	19.10.2020	-	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted	Submitted
3	Triumph Electoral Trust **(renewal case)**	Chennai, Tamil Nadu	31.10.2014	08.09.2020	-	Submitted	Submitted – Nil*	Submitted	Submitted	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	Submitted - Nil	Submitted
4	Janta Nirvachak Electoral Trust **(renewal case)**	Mumbai, Maharashtra	30-01-2015	17.07.2017	-	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted – Nil	Submitted – Nil
5	Paribartan Electoral Trust **(renewal case)**	Kolkata, West Bengal	28.05.2014	15-09-2017	-	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted	Submitted - Nil	*Not Available on ECI website*
6	New Democratic Electoral Trust	Mumbai, Maharashtra	29.12.2016	13.03.2019	-	-	-	Submitted	Submitted – Nil	Submitted	Submitted	Submitted – Nil	Submitted – Nil
7	Progressive Electoral Trust **(renewal case)**	Mumbai, Maharashtra	04.04.2014	26.03.2021	-	Submitted	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	Submitted – Nil	Submitted – Nil
8	Janpragati Electoral Trust **(renewal case)**	New Delhi	21.04.2014	05.03.2021	-	Submitted	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted	Submitted – Nil
9	Bajaj Electoral Trust	Pune, Maharashtra	21.04.2014	NA	-	Submitted	Submitted - Nil	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*
10	Janhit Electoral Trust **(renewal case)**	Thoothukudi, Tamil Nadu	04.04.2014	18-12-2019	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted	Submitted	Submitted – Nil	Submitted – Nil
11	Swadeshi Electoral Trust **(renewal case)**	New Delhi	31.10.2014	01.09.2021	-	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted	Submitted – Nil	Submitted – Nil
12	Jankalyan Electoral Trust	Mumbai, Maharashtra	18.09.2015	13.03.2019	-	-	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted	Submitted - Nil	Submitted	*Not Available on ECI website*	Submitted - Nil
13	Jaihind Electoral Trust	Mumbai, Maharashtra	28.11.2016	28.12.2018	-	-	-	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted – Nil	Submitted – Nil
14	Gauri Welfare Association Electoral Trust	Jalgaon, Maharashtra	25-11-2014	NA	-	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	*Not Available on ECI website*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*
15	People's Electoral Trust **(renewal case)**	Mumbai, Maharashtra	06.03.2014	16-01-2018	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted – Nil	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*
16	Pratinidhi Electoral Trust	New Delhi	27.03.2014	NA	Submitted – Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	Submitted - Nil	*Not Available on ECI website*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*

S. No.	Status of contributions report received by ECI from Registered Electoral Trusts between FY 2013-14 and 2021-22												
	Name	State of Registration	Date of Approval by CBDT	Date of Renewal (if applicable)	FY 2013-14	FY 2014-15	FY 2015-16	FY 2016-17	FY 2017-18	FY 2018-19	FY 2019-20	FY 2020-21	FY 2021-22
17	Harmony Electoral Trust **(renewal case)**	Pune, Maharashtra	31.12.2014	11.09-2017	-	**Submitted - Nil**	**Submitted - Nil**	**Submitted - Nil**	**Submitted – Nil**	**Submitted**	**Submitted**	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*
18	JAYBHARATH Electoral Trust	Coimbatore, Tamilnadu	25.04.2016	22.03.2021	-	-	**Submitted - Nil**	**Submitted – Nil**	**Submitted – Nil**	**Submitted - Nil**	**Submitted – Nil**	**Submitted**	**Submitted - Nil**
19	Bhartiya Socialist Republican Electoral Trust Association	New Delhi	31.10.2014	NA	-	**Submitted - Nil**	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*	*Non-renewal*
20	Kalyan Electoral Trust	New Delhi	16.09.2016	NA	-	-	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*
21	Janshakti Electoral Trust	Jammu, J&K	29.09.2017	NA	**Registered in Sept, 2017**			**Submitted – Nil**	**Submitted**	**Submitted**	**Submitted – Nil**	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*
22	AB General Electoral Trust	Mumbai, Maharashtra	06.12.2017	22.03.2021	**Registered in Dec, 2017**				**Submitted**	**Submitted**	**Submitted**	**Submitted - Nil**	**Submitted**
23	Einzigartig Electoral Trust	Rajendra Place, New Delhi	16-11-2018	20.04.2021	**Registered in Nov, 2018**					**Submitted - Nil**	**Submitted – Nil**	**Submitted**	**Submitted - Nil**
24	Upakriti Electoral Trust	Bangalore, Karnataka	17-12-2018	-	**Registered in Dec, 2018**					**Submitted - Nil**	**Submitted – Nil**	*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*
25	Small Donations Electoral Trust	Jaipur, Rajasthan	30-10-2019	-	**Registered in Oct, 2019**						**Submitted**	**Submitted**	**Submitted**
26	Independent Electoral Trust	Katra Ishwar Bhawan, Delhi	18.03.2021	-	**Registered in March, 2021**							**Submitted**	**Submitted**
27	Bhartiya Bhumi Electoral Trust	Kalkaji, New Delhi	NA	-	**Registered in March, 2021**							*Not Available on ECI website*	*Not Available on ECI website*